कोरूगेटेड बॉक्स के उत्पादन खर्च में 70 फीसदी की वृद्धि

मुंबई, जेएनएन। पिछले कुछ महीनों में उत्पादन खर्च में तीव्र वृद्धि होने से और दूसरी ओर कच्ची सामग्री की आपूर्ति अस्तव्यस्त हो जाने से भारत का कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग संकट में पड़ गया है। उसकी मुख्य कच्ची सामग्री क्राफ्ट पेपर है। मात्र पेपर की भाव वृद्धि के कारण कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग का उत्पादन खर्च 70 फीसदी बढ़ गया है। क्राफ्ट पेपर मिलें सप्लाई साइड में आयातित और स्थानीय वेस्ट पेपर के बढ़ते भाव, कोरोना लॉकडाउन और अंतर राज्य लॉजिस्टिक अवरोधों के कारण उपलब्धता घटने का कारण बताती है।